## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर घुसकर छेड़खानी की शिकायत, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़।** दिनांक 02.07.2022 को थाना घरघोड़ा में महिला द्वारा घर घुसकर गुरू उर्फ भुवन सिंह राठिया (39 वर्ष) छेड़खानी, मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। महिला बताई कि दिनांक 30.06.2022 के रात्रि भुवन राठिया घर के बाहर शराब पीकर गाली गलौच कर रहा था। अचानक घर के दरवाजा को लात से मारकर घर अन्दर आया और जबरजस्ती छेड-छाड करने लगा। बेटी आकर छुडाने रोने लगी तो पडोस के दो लोग आकर बीच बचाव किये तो उनसे भी झगड़ा विवाद धक्का-मुक्की कर भाग गया। पीडिता के आवेदन पर आरोपी भुवन राठिया पर छेड़खानी, मारपीट का अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### 30 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 01/07/2022 थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल के हमराह बरमकेला स्टाफ द्वारा ग्राम कपरतुंगा चिचोलिहा तालाब के पास शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी मनबोध यादव पिता जोगेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष सा. कपरतुंगा थाना बरमकेला को 30 लीटर महुआ शराब कीमती 6,000 रूपये के साथ पकड़ा गया है। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कपरतुंगा के जंगल रास्ते की ओर से महुआ शराब बिक्री के लिये लेकर आ रहा है। सूचना पर पर स्टाफ द्वारा शराब रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी पर थाना बरमकेला में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

### आईईडी-डेटोनेटर के साथ एक नक्सली मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर थाना चिंतलनार से सहायक कमाण्डन्ेट रविकुमार सिकरवार व सहायक कमाण्डेन्ट विश्वनाथ के हमराह अलग-अलग टीम बनाकर 201 वाहिनी कोबरा व जिलाबल की संयुक्त बल सर्चिग पर नक्सली आरोपियों की धरपकड़ के लिए ग्राम मरकागुड़ा, रावगुड़ा आस-पास के जंगल क्षेत्र में रवाना हुए थे, अभियान के दौरान एक नक्सली मिलिशिया सदस्य मडक़म हुंगा पिता मडक़म नन्दा उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया साकिन रावगुड़ा थाना चिंतलनार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग आईईडी लगभग 05 किग्रा.वजनी, 01 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 10 नग पेसिंल सेल बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सली मिलिशिया सदस्य मडक़म हुंगा व बरामद सामग्री को थाना चिंतलनार में अपराध क्रमांक 04/2022 धारा 4, 5 विस्फोट पदार्थ अधिनियम प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय सुकमा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिला किया गया।

### जंगल से भटकर भालू घुसा शहर में,हमला कर बच्चे को किया घायल

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर शहर में दिन-दहाड़े भालू के घुस आने से लोगों में भगदड़ मच गई। जंगल से भटककर शहर पहुंच गया,वही लोगो को दौड़ाना भी शुरू कर दिया, पास खेल रहे एक छोटे बच्चे पर हमला कर उसे घायल भी कर दिया। भालू के आने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। अंबिकापुर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि यह भालू चंद्रा जंगल की ओर से आया था, जिसे जंगल की ओर भेज दिया गया है. भालू भटक कर शहर में पहुंच गया था, जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग मौके पर पहुंच गई थी।

### बर्खास्त 8 शिक्षाकर्मियों पर एफआईआर दर्ज हो

**जगदलपुर (आरएनएस)।** फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पाए 08 शिक्षाकर्मियों को जांच के बाद जिला पंचायत के पूर्व सीईओ केआर चौहान ने सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इसे अपर्याप्त मानते हुए शिकायकर्ता श्रीनिवास पाल ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कमिश्नर श्याम धावड़े को दिए मांगपत्र में की है। विगत 15 जून 2022 को जिला पंचायत के सीईओ रोहित व्यास ने कमिश्नर को भेजे पत्र में कहा है कि शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना में चार सौ बीसी का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। उनके अनुसार बर्खास्त किए गए 08 शिक्षाकर्मियों ने फर्जी अनुभव और खेलकूद प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल की थी। जांच के उपरांत जून 2014 को सभी को बर्खास्त किया गया था। जिनमें अनिता उईके, हरिशंकर सोरी, सुरेन्द्र कुमार नगपुरे, चेतनराम लटियारे, अनुपमा नेताम, निशामुनी नागवंशी, चित्रांगत चुरेन्द्र और कुमारी अवधिया शामिल थे। शिकायतकर्ता श्रीनिवास पाल ने बताया कि कमिश्नर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर कराने की बात कही है।

# बिना ब्याज लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो ठग गिरफ्तार

**गिरफ्तार मुख्य आरोपी बीटेक होल्डर, लग्जरियस जीवन जीने के शौंक ने बनाया आरोपी**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आईपीएसी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लाया गया है। मुख्य आरोपी अमितेश कीर्ति बी-टेक की पढाई किया हुआ है जो शातिर तरीके से लेबर किस्म के लोगों के नाम से जारी सिम का उपयोग ठगी के लिये करता था। वर्ष 2019 से 2021 तक उसके रायगढ़ धरमजयगढ़ के शिक्षक को लोन दिलाने के नाम पर 29 लाख रूपये ठग लिया था। पीड़ित को आरोपी द्वारा उपलब्ध करा गया कुछ बांड पेपर सही थे जिस कारण पीड़ित को ठगी का आभास नहीं हुआ और वह आरोपी के बताये गये बैंक अकांउट में रूपये ट्रांसफर कर रहा था। पीड़ित शिक्षक जब पुलिस के संपर्क में आया तब पुलिस इस प्रकार से किसी को लोन नहीं मिलना बताये। तब शिक्षक को ठगी का अहसास हुआ औश्र उसके द्वारा थाना धरमजयगढ़ में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया।



पीड़ित शिवपद मल्लिक पिता स्व. तारापद मल्लिक निवासी धरमजयगढ़ शासकीय विद्यालय में व्याख्याता है दिनांक 29.03.2022 को थाना धरमजयगढ़ में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अगस्त 2019 में घर बनाने के लिये होम लिया था। उसी दौरान आदित्य बिरला कंपनी का शाक्षी शर्मा नाम का व्यक्ति फोन कर बताया कि हमारी कंपनी 0% ब्याज पर लोन देती है। उसके बाद आदित्य बिरला के मैनेजर राजीव अग्रवाल कॉल कर 8,00000/ - रूपये के लोन के लिए वन टाईम इन्श्योरेन्स 51000 /- रूपये का बांड बनवाया। उसके बाद लोन राशि 8 लाख से 20 लाख रूपये के लिए विभिन्न टेंडेंसी बताकर लगभग 7,00,000/- रूपये विभिन्न कंपनियों का जैसे भारतीय एक्शा , इंडिया फस्ट , एडल वाईस , फ्यूचर जर्नली , एवं रेलीगर का इन्श्योरेन्स दिलाये। उसे बाद से कम्पनी के कई लोग जिसमें मैनेजर पंकज गर्ग, हेमंत शुक्ला, राजू अग्रवाल, सुरेन्द्र गोस्वामी व अन्य कई बार इन्श्योरेन्स कराये और टेंडेंसी क्लीयर के नाम पर रूपये ट्रांसफर करने के लिये बोल। उनके झांसे में आकर दिनांक 31.08.2019 से दिनांक 27.08.2021 तक लगभग 29,00,000 /- रुपये की धोखाधड़ी हुई है। शिकायतकर्ता बताया कि यह राशि अपने एसबीआई बैंक खाता एवं एक्सिस बैंक के खाता से ऑनलाइन ट्रांसफर किया है। यह रूपये AXIS BANK से पर्सनल लोन एवं IIFL BANK से होम लोन लेकर तथा मित्रों से कर्जा लेकर भरा है। थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा एवं आईपीएस प्रभात कुमार को डायरी का अवलोकन कर आगे की कार्यवाही करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा डायरी अवलोकन उपरांत पाये कि ठगी के दौरान उपयोग किए गए कई सिम बंद हो चुके हैं किंतु ठग द्वारा लगातार पीड़ित से संपर्क किया जा रहा है। आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संदेही/आरोपी की पतासाजी के लिए दिगर प्रांत उत्तर प्रदेश आईपीएस प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम रवाना किया गया।

सार्विलेंस के आधार पर पुलिस टीम गाजियाबाद के राजीवनगर पहुंची। आरोपियों के द्वारा उपयोग में लाये गये कई सिम अलग-अलग प्रांतों के थे किन्तु इसी दौरान प्रार्थी को ठग द्वारा पुन: सम्पर्क किया गया जिसका लोकेशन सिम धारक गाजियाबाद में होना एवं सिम धारक का आईडी गाजियाबाद का ही होना पाया गया जिस पर पुलिस टीम फोकस की। सिम जारीकर्ता (रिटेलर) हेमंत नाम के व्यक्ति से पूछताछ किया गया जो पुलिस का सहयोग कर बताया कि एक व्यक्ति उससे अभी तक आधा दर्जन से अधिक सिम अपने नाम से लिया है और वर्तमान में चलाये जा रहे सिम के बारे में जानकारी दिया। रिटेलर को संदिग्ध नम्बर की आईडी दिखाकर पहचान कराया गया जिसने फोटो देखकर पुष्टि करते हुये संदिग्ध को स्थानीय लेबर और शराब का आदी होना बताया। इस दरम्यान लगातार संदिग्ध नम्बर का लोकेशन लेकर तत्काल मौके पर रवाना हुये। लेबर चौक कई हमाली हल्ला कर रहे थे, उसमें से एक युवक पुलिस को देख कर भाग रहा था जिसे पुलिस टीम हिरासत में लिया गया जो पूछताछ में अपना नाम अजय बताया जबकि अन्य लोग उसे सचिन होना बताये। पुलिस को उसकी गतिविधियां सही नहीं लगी। उसे हिरासत में लेकर हिकम्मत अमली से पूछताछ करने पर उसने हमाली का काम करना और एक लाल रंग कार वाले युवक के लिए सिम उपलब्ध कराना बताया जिसके एवज में इसे 300 से 400 मिलता था। पुलिस की टीम अब गुमनाम लाल रंग के स्वामी की पता तलाश के लिए लगातार दो दिनों तक गाजियाबाद के कई कॉलोनियों के बिल्डिंग पार्किंग चेक की अथक प्रयास के बाद एक स्विफ्ट लाल रंग की कार गुलमोहर गार्डन राजनगर में मिला जिसके स्वामी के अपार्टमेंट में रायगढ़ पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ दबिश दिया गया। संदिग्ध व्यक्ति अपार्टमेंट के बाहर अपने पालतू कुत्ते को छोड़ अंदर से कमरे का ताला बंद कर पुलिस को कोई सहयोग नहीं कर रहे थे। काफी प्रयास के बाद पुलिस अंदर प्रवेश की जहां युवक अमितेश कीर्ति कमरे में अपने आप को बंद कर लिया था और अपने लैपटॉप पर कुछ कार्य कर रहा था जिसका सचिन से पहचान कराये जिसने अमितेश कीर्ति को ही सिम उपलब्ध कराना बताया। आरोपी अमितेश कीर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हुआ।

आरोपी अमितेश कीर्ति बताया कि वह बीटेक की पढ़ाई किया है। लोगों को लोन दिलाने के नाम पर इंश्योरेंस कराने का झांसा दिया करता था जबकि लोन की रकम नहीं देता था ऐसा करने के लिये वह सचिन के माध्यम से लेबर किस्म के लोगों के आईडी से लोगों से संपर्क कर उन्हें लोन देने और इंशोरेंस कराने के नाम पर झांसा देता था।

## 24 घन्टे में 129 कोरोना मरीज़,छत्तीसगढ़ में फिर डराने वाले आंकड़े आए सामने

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रफ्तार एक फिर डराने लगी है. जून महीने के बाद से कोरोना की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है. पिछले 24 घंटे में 129 नए संक्रमित मरीज मिले है. वहीं लंबे समय के बाद राजधानी रायपुर में एक 1 कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हुई है. पिछले एक सप्ताह से रोजाना 100 से 200 के बीच रोजाना नए मरीज मिल रहे है. इससे सक्रिय मरीजों की संख्या अब बढक़र 1000 के करीब पहुंच गई हैं।

दरअसल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को 12 हजार 581 सैंपलों की जांच में 129 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. इससे प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 1.03 प्रतिशत हो गई है. वहीं शुक्रवार को फिर राजधानी रायपुर में 35 नए कोरोना मरीज मिले है इसके साथ एक संक्रमित की मौत हुई है. जिलेवार नए मरीजों की बात करें तो दुर्ग 15,राजनांदगांव 13,रायपुर 35,बलौदाबाजार 16,बिलासपुर 8 और कांकेर जिले में 9 नए मरीज मिले है. इससे एक्टिव मरीजों की संख्या बढक़र 983 हो गई है।

इस बार कोरोना के सबसे ज्यादा मामले राज्य के प्रमुख शहरों से ही सामने आ रहे है. राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 983 है इसमें से 700 से अधिक सक्रिय मरीज केवल 7 जिलों में है. इन जिलों की बात करें तो रायपुर 258,दुर्ग में 193, राजनांदगांव 54,बेमेतरा 52, बलौदाबाजार 81,बिलासपुर 89 और सरगुजा 40 एक्टिव मरीज है. इसके अलावा कोरोना से अबतक हुए मौत के आंकड़े की बात करें तो आंकड़ा 14 हजार 38 तक पहुंच गया है।

गौरतलब है की बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोरोना जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है. आंकड़ों के अनुसार जून के पहले रोजाना प्रदेशभर में कोरोना जांच 3 से 5 हजार लोगों की होती थी.लेकिन इसे अब बढ़ाकर का 12 से 14 हजार कर दी गई है. पिछले 24 घंटे में भी 12 हजार से अधिक लोगों का कोरोना जांच हुई है।

## विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें -शम्मी आबिदी

**सरगुजा संभाग में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की समीक्षा**

**रायपुर (आरएनएस)।** आदिम जाति विभाग की आयुक्त शम्मी आबिदी ने एकलव्य विद्यालयों के बेहतर संचालन के संबंध में आज सरगुजा संभाग में संचालित 22 एकलव्य आदर्श विद्यालयों के प्राचार्यों एवं छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालयों में अध्ययनरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बच्चों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। यह बच्चे बहुत ही विषम परिस्थितयों से आते हैं, जिसके कारण इनमें शिक्षा का स्तर अन्य बच्चों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होता है। आबिदी ने कहा कि इनमें शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं इनमें साक्षरता की दर को बढ़ाना प्राचार्यों एवं छात्रावास अधीक्षकों का मुख्य उददेश्य होना चाहिए। समीक्षा बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में पीपीटी के माध्यम से विद्यालयवार ली गई जानकारी में सूरजपुर जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की बेहतर व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। अन्य विद्यालयों के संचालन में आ रही समस्याओं को दूर करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्यो एवं छात्रावास अधीक्षकों से विद्यालय व्यवस्था में सुधार के संबंध में सुझाव भी लिए गए। विद्यालय में सौर ऊर्जा की व्यवस्था कराने, आरओ वाटर प्यूरिफायर की ओर अधिक मशीन लगाने, हैडपंप, बोर, पानी टंकी, तड़ित चालक, इन्वरटर आदि की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। आयुक्त आबिदी द्वारा इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

शम्मी आबिदी द्वारा निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में सभी बच्चों को कॉपी-किताबें, गणवेश, जूता-मौजा, स्कूल बैग आदि समय पर मिल जाने चाहिए। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम का शिक्षक उपलब्ध ना होने पर शीघ्र आउटसोर्सिंग से अंग्रेजी शिक्षक की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। विद्यालयों में अच्छी लाइबेरी, कम्प्यूटर लैब आदि की भी व्यवस्था करने कहा गया। विद्यालय भवन, कक्षारूम, आवासीय व्यवस्था, किचन एवं शौचालय को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में उपयोग हेतु क्रय की गई प्रत्येक सामग्री का स्टॉक पंजी में संधारण किए जाने पर बल दिया। इसके अलावा अन्य पंजियों का भी संधारण किए जाने कहा गया।

उल्लेखनीय है कि एकलव्य विद्यालयों की बेहतर संचालन के उद्देश्य से संभागवार तीन चरणों में प्राचार्यों और छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक ;ज्त्ज्प्द्ध में आयोजित की गई है। प्रथम चरण में 30 जून को बस्तर संभाग की बैठक आयोजित की गई। द्वितीय चरण में आज सरगुजा संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। द्वितीय चरण में 4 जून को रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग की बैठक आयोजित की गई है।

## जिला अस्पताल का शिफ्टिंग कार्य शीघ्र करें पूर्ण -कलेक्टर रानू साहू

**कलेक्टर साहू ने मिलेट्स कैफे में देखा महिला समूह का काम**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने शहर के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया एवं अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने सुविधाओं के लिहाज से जिला अस्पताल की शिफ्टिंग का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों से बात कर मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। ग्राम गेरवानी निवासी अंजनी एवं धौराडांड निवासी कसरत बेहरा ने बताया कि सुविधाएं व इलाज बेहतर है। उन्होंने मेल सर्जिकल एवं फिमेल सर्जिकल वार्ड में पहुंचकर मरीजों के सेहत की जानकारी ली। इस दौरान फिमेल वार्ड में उपस्थित सभी नर्सो से चर्चा कर भर्ती मरीजों की बेहतर देखरेख के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेड के गद्दे खराब होने पर कलेक्टर साहू ने असंतोष व्यक्त करते हुए बेड के गद्दे तत्काल बदलने के निर्देश दिए।



कलेक्टर साहू ने अस्पताल में मरीजों की उपस्थिति एवं ओटी के संचालन की जानकारी ली। अस्पताल अधीक्षक डॉ.मिंज ने बताया कि वर्तमान में लगभग 50 से अधिक मरीज है। अधिकांश मरीजों को मेडिकल कालेज शिफ्ट किया जा चुका है। वर्तमान में ओटी का संचालन किया जा रहा है। सीएमएचओ ने कलेक्टर साहू को बताया कि अस्पताल के जो हिस्से जर्जर हो गए हैं उनका पीडब्लूडी द्वारा जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.केशरी, डीईओ आर.पी आदित्य सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बच्चों से कहा खूब पढ़े, खूब बढ़ें-** कलेक्टर रानू साहू ने निरीक्षण के दौरान नटवर स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल भी पूछे और विद्यार्थियों को खूब मेहनत और पढ़ाई करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के कम्प्यूटर, फिजिक्स एवं बायो लैब तथा लाईब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल के लैब काफी बेहतर है।

**सी-मार्ट का किया निरीक्षण, मिलेट्स कैफे में रागी से तैयार व्यंजनों का चखा स्वाद-** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर साहू ने सी-मार्ट एवं मिलेट्स कैफे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सी-मार्ट में उपलब्ध वस्तुओं की संख्या की जानकारी ली। संचालिका द्वारा बताया गया कि तकरीबन चार सौ से अधिक वस्तुए सी-मार्ट में उपलब्ध है। उन्होंने मार्ट की सभी खाद्य पदार्थो की जानकारी के साथ मिट्टी से बने कुकर व तवा की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर साहू ने मिलेट्स कैफे में पहुंचकर मिलेट्स से बने इडली, चिला जैसे पकवानों का स्वाद चखा। मिलेट्स से बने पकवानों की विधियां की जानकारी लेते हुए उन्होंने समूह से चर्चा कर आय की जानकारी ली। समूह द्वारा बताया गया कि इस माह 25 हजार तक लाभ हुआ है। कलेक्टर साहू ने समूह की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 148.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 148.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज दो जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 243.3 मिमी और जशपुर जिले में सबसे कम 81.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 88.8 मिमी, सूरजपुर में 128.1 मिमी, बलरामपुर में 91.6 मिमी, कोरिया में 142.7 मिमी, रायपुर में 93.0 मिमी, बलौदाबाजार में 160.9 मिमी, गरियाबंद में 181.7 मिमी, महासमुंद में 138.4 मिमी, धमतरी में 132.6 मिमी, बिलासपुर में 129.6 मिमी, मुंगेली में 203.0 मिमी, रायगढ़ में 148.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 228.1 मिमी, कोरबा में 164.0 मिमी, दुर्ग में 102.8 मिमी, कबीरधाम में 142.8 मिमी, राजनांदगांव में 144.6 मिमी, बालोद में 204.8 मिमी, बेमेतरा में 132.3 मिमी, बस्तर में 162.8 मिमी, कोण्डागांव में 149.5 मिमी, कांकेर में 133.8 मिमी, नारायणपुर में 146.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 133.3 मिमी, सुकमा में 133.0 मिमी और बीजापुर में 219.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# ग्रामीण विकास को मजबूत आधार दे रही है शासन की योजनाएं - मंत्री उमेश

**उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने 52 लाख रुपये से अधिक के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन**

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 52 लाख 72 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सतत् रूप से कार्य कर रही है। किसानों को धान के साथ अन्य फसलों के लिए आदान सहायता मिल रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने छत्तीसगढ़ में कृषि कार्यों में इजाफा हुआ जिससे किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। धान सहित अन्य फसलों के उचित कीमत और आदान सहायता से किसानों को बड़ी राहत है। किसानों का कर्जमाफी हुआ है, साथ ही जिनके पास जमीन नहीं है उन किसानों के लिए ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरूआत की गयी है। वहीं वनोपजों के समर्थन मूल्य बढऩे से संग्राहक परिवारों को भी सीधा फायदा मिला है।



उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह दूरगामी सोच ही है जो छत्तीसगढ़ में शहर से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गयी है। आज बच्चों को सरकारी स्कूलों के फीस में अंग्रेजी में शिक्षा मिल रही है। जिससे वे आगे प्रतियोगी माहौल के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे और प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनायेंगे। उन्होंने गांवों में जनसंपर्क के दौरान सभी ग्रामीणों से कहा कि जिनका भी राशन कार्ड नहीं बना है या कोई समस्या आ रही है तो संबंधित पटवारी से प्रतिवेदन लेकर जनपद सीईओ को तत्काल सूचना दें, अविलंब राशन कार्ड बनाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने ग्राम लिंजीर में बीच बस्ती हनुमान मंदिर के पास पूजा स्थल हेतु टीन शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के तेलीपाली, लिंजीर, सुर्री एवं तेतला गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद होता है। जिससे उनकी मांग और समस्याओं को जानने का मौका मिलता है। इससे आगे होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने में मदद मिलती है। इस दौरान विभिन्न ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर बीज निगम के सदस्य दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, सरपंच शारदा गुप्ता, जनपद सदस्य गुलाब राम साव, कुमारी बाई साव सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन- उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम सुर्री में 4 लाख 90 हजार रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं 5 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक शाला सुर्री में अहाता निर्माण का लोकार्पण किया। इसी तरह डीपापारा लिंजीर में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, ग्राम-तेतला में 14 लाख 42 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं तेतला में ही सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये, 4 लाख रुपये की लागत से शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल तेतला में सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य, 4 लाख रुपये की लागत से तेतला में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य एवं डीपापारा तेतला में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480